## खबर संक्षेप

### वाटरशेड विकास सलाहकार समिति बैठक आज

**कटनी।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत आज सोमवार 27 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला वाटरशेड विकास सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में शाम 4 बजे से आयोजित होगी। बैठक में वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 की परियोजनाओं को मार्च 2026 तक पूर्ण करने हेतु विभिन्न मदों में बची हुई राशि की कार्ययोजना पर चर्चा की जायेगी। साथ ही उत्पादन प्रणाली मद के तहत क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी। जिपंकी मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर ने वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, जल संसाधन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक के दौरान उपस्थित रहने निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर के फर्जी सोशल अकाउंट से रहें सावधान

**कटनी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर कलेक्टर आशीष तिवारी के नाम से एक फर्जी अकाउंट सक्रिय है। इस पर कलेक्टर आशीष तिवारी की प्रोफाइल फोटो लगाई गई है। जो अवैध और गैर-कानूनी है। कलेक्टर के इस फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट के माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर ने रविवार को ही पुलिस को सूचना दे दी है। कलेक्टर ने फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट से जनता को सतर्क और सावधान रहने की अपील की है। कलेक्टर ने बताया कि मेरे नाम और फोटो का दुरुपयोग करते हुए किसी ने वियतनाम के फोन नंबर +84899456817 द्वारा व्हाट्सएप बिजनेस का फर्जी अकाउंट बनाया है और इसके माध्यम से ठगी की भी कोशिश की जा सकती है। आम जनता को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कलेक्टर ने लोगों से अपील की है कि इस फर्जी अकाउंट से सावधान रहें और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में शामिल न हों। फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाना एक गंभीर अपराध है और इसका दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान है। आईटी एक्ट 2000 की धारा 66(C) के तहत इस अपराध में दोषी पाए जाने पर आरोपी को जेल की सजा हो सकती है।

### डेयरी के लिए मिलेगा अनुदान और बैंक ऋण

**कटनी।** दूध और दुग्ध उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने तथा पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की गई है। इस योजना में डेयरी इकाइयों की स्थापना के लिए बैंक ऋण सुविधा के साथ-साथ शासकीय अनुदान प्रदान किया जा रहा है। यह योजना मध्यप्रदेश में निवास करने वाले सभी पशुपालकों के लिए है। इस योजना के अंतर्गत 25 दुधारू पशुओं की इकाई स्थापित की जाएगी। इसमें केवल गौवंश या केवल भैंसवंश ही हो सकते हैं, और सभी पशु एक ही प्रजाति (नस्ल) के होंगे। इकाई में भारतीय मूल की देशी नस्लें जैसे साहीवाल, गिर, थारपारकर, रेड सिंधी, संकर नस्लें जैसे एच.एफ. जर्सी और भैंसों में मुर्रा, भदावरी, सूरती, मेहसाना शामिल होंगी।

### मप्र स्थापना दिवस पर होगें विभिन्न कार्यक्रम

**कटनी।** मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस पर 1 नवंबर से 3 नवंबर तक जिला स्तर पर 3 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला मुख्यालयों पर स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ, जिलावार उत्कृष्ट कार्यों से सम्बद्ध गौरव चरित्रों पर केंद्रित, जिला उत्पादों का प्रदर्शन एवं उत्कृष्ट कार्यों से सम्बद्ध प्रदर्शनी आयोजित होगी। साथ ही जिला मुख्यालय के प्रमुख शासकीय भवनों पर 1 नवम्बर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

### खेतों में पकी व अधपकी खड़ी धान की उपज, मौसम के आगे किसान हुआ असहाय

# मौसम ने ली करवट, बारिश होने से सहमे किसान, चार माह की मेहनत लगी दांव पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



जिले में मौसम ने रविवार को अचानक करवट ले ली। सुबह से ही आसमान पर बादलों का डेरा और बीच-बीच में गड़गड़ाहट ने लोगों को चौंकाए रखा। दिनभर रुक-रुक कर बूंदाबांदी और बीच-बीच में तेज हवाओं के साथ वर्षा ने किसानों की चिंताएं बढ़ाने का काम किया। जिले में इस बार मौसम की प्रतिकूलता किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर रही है। बार-बार मौसम बदलाव से धान की फसल बारिश का सामना कर रही है। खेतों में धान की फसल अधपकी व पकी ख़डी हुई। जहाँ धान की उपज पक चुकी है वहाँ हार्वेस्टर से कटाई का कार्य शुरू हो चुका है, किसान खेतो मैं फसल कटाई-मिसाई कार्य करवा रहे है, लेकिन बिगड़ते मौसम के आगे किसान असहाय है। बहोरीबन्द विकासखण्ड में अभी भी मात्र 10 फीसदी ही धान की फसल पककर तैयार है, 90 फीसदी फसल जो पकने की स्थिति मै है उसमें सप्ताह भर का समय लगेगा। किसानों का कहना है कि वर्षा काल में पर्याप्त बारिश हुई लेकिन बारिश का सिलसिला लगातार चलता रहा जिससे धान की फसल को पकने में समय लग रहा है। रविवार को सुबह से तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी, हालांकि बारिश ज्यादा देर नहीं चली जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। बारिश होने से किसान चिंचित हो उठे व बारिश न हो इंद्रदेव को मनाने लगें, हालांकि मौसम विभाग ने अभी 29 अक्टूबर तक बारिश की संभावना जताई है। मौसम अभी भी कुछ दिन के लिए ठीक नहीं माना जा रहा है। ऐसे में किसानों की चिंता लगातार बनी हुई है। किसानों का कहना है कि एक माह की स्थिति में फसल काफी अच्छी थी और काफी बेहतर पैदावार की उम्मीद बन रही थी। लेकिन इन 15 दिनों में कीट व्याधि के प्रकोप से फसल प्रभावित हुई तो अब यदि बारिश जोरदार हुई तो किसानों की चार माह की मेहनत पर पानी फिर जायेगा। गौरतलब है कि विकासखण्ड बहोरीबन्द में 25 हजार हैक्टेयर मैं खरीफ सीजन की खेती हई। किसान जागेश्वर कुशवाहा, जुगल किशोर यादव, श्रीराम यादव,राजेन्द्र हळदकार ने बताया कि लगभग सप्ताह भर बारिश न हो जिससे धान की फसल पककर तैयार हो जाएगी ओर कटाई-मिसाई का कार्य शुरू हो जायेगा। क्योंकि अभी खेतो में फसल अधपकी खड़ी हुई है, यदि मौसम का यही रुख बना रहा और अब आगे बारिश की मार पड़ी तो फसल पूरी तरह से खराब हो जाएगी। पहले भी बारिश में धान की फसल जो खेतों में गिर गईं है उनमें दाना पतला रह जाएगा और इससे वजन कम होगा एवं पैदावार भी प्रभावित होगी। अगर ज्यादा बारिश होती है तो खेतों में पानी भर जावेगा, जिससे धान की फसल खराब होने की संभावना है।

**इनका कहना है-** अमर सिंह ऐमा एसएडीओ कृषि विभागविकासखण्ड में अभी धान की फसल पूरी तरह पककर तैयार नहीं हुई है। जहाँ धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है वहाँ कटाई कार्य शुरू हो गया है। सप्ताह भर में धान की फसल शत प्रतिशत पककर तैयार हो जाएगी, यदि मौसम ठीक रहा तो नवंबर के पहले सप्ताह तक धान फसल की कटाई-मिसाई कार्य पूर्ण हो जाएगा, लेकिन यादि बारिश हुई तो फिर कृषि कार्य पिछड़ेगा।

## बेलकुंड नदी में दिखे पांच मगरमच्छ, स्थानीय नागरिकों में बढ़ी चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ढीमरखेड़ा में बेलकुंड नदी के दुनाय घाट पर चार से पांच मगरमच्छ देखे जाने की खबर है, बताया जाता है कि सिमरिया और पिपरिया शुक्ल गांव के पास नदी में मगरमच्छों के दिखने से स्थानीय ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। रविवार को नदी में तैरते मगरमच्छों का एक वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग ने मौके का निरीक्षण किया।

ग्रामीणों के मुताबिक, बेलकुंड नदी के दुनाय घाट पर छोटे-बड़े मिलाकर लगभग चार से पांच मगरमच्छ एक साथ देखे गए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मगरमच्छों को गांव के छोटे तालाब से बड़े तालाब की ओर जाते हुए भी देखा गया है।

नदी में इतनी संख्या में मगरमच्छों दिखने के बाद कई ग्रामीण अब नदी किनारे जाने, नहाने और मछली पकड़ने जैसे अपने दैनिक कार्यों से भी परहेज कर रहे हैं। मगरमच्छों के दिखाई देने की सूचना मिलते ही, वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा ने तत्काल एक टीम गठित की। टीम ने प्रभावित नदी घाटों का गहन निरीक्षण किया।

रेंजर अजय मिश्रा ने बताया कि नदी जैसे खुले और बहते जल क्षेत्र में मगरमच्छ का रेस्क्यू करना संभव नहीं है, क्योंकि वे लगातार अपना स्थान बदलते रहते हैं। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू तभी किया जा सकेगा, जब मगरमच्छ पानी से बाहर निकलकर खेतों या रिहायशी इलाकों के पास किसी खुले क्षेत्र में दिखाई दें। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को इस स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक समझाइश दी है। टीम ने लोगों को विशेष रूप से सतर्क रहने कहा गया है।

### जेल प्रबंधन पर उठे सवाल, नशीले पदार्थो की हो रही सप्लाई

## नशीला पदार्थ पकड़वाने को लेकर जेल में हुई मारपीट, आत्महत्या की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



झिंझरी स्थित जिला जेल एक बार फिर चर्चाओं में आ गया है, रविवार को हुए एक सनसनी वारदात ने जेल प्रबंधन पर सवालिया निशान लगा दिए हैं, बताया जाता है कि जेल के अंदर बंद दो आरोपितों के बीच नशीला पदार्थ को लेकर हिंसक वारदात को अंजाम दिया गया, जिसके बाद एक आरोपित द्वारा आत्महत्या करने की कोशिश की गई। इस वारदात के बाद जेल के अंदर पहुंचाए जा रहे नशीले पदार्थों के कारोबार को पर्दाफाश हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार रोहित चंचलानी हत्याकांड के मुख्य आरोपित दीपक मोटवानी ने जेल के अंदर ही एक विचाराधीन कैदी दीपक अहिरवार के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद आहत अहिरवार ने मच्छरदानी की नुकीली तार से गला रेतकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिससे जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, घायल कैदी दीपक अहिरवार को चोरी के आरोप में जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह हत्या के आरोपी दीपक मोटवानी और पवन पटेल के साथ एक ही बैरक में रह रहा था। बताया जा रहा है कि दीपक अहिरवार ने जेल में बंद दीपक मोटवानी की तंबाकू पकड़वाई थी, इसी बात से नाराज होकर मोटवानी ने अहिरवार की पिटाई कर दी। घटना के बाद दोनों को अलग-अलग बैरकों में भेज दिया गया था, लेकिन इसी दौरान दीपक अहिरवार ने मच्छरजाली की तार निकालकर आत्मघाती कदम उठा लिया। समय रहते सिपाहियों की नजर पड़ने से उसकी जान बच गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के बाद शाम तक डिस्चार्ज कर पुनः जेल भेज दिया गया। जिला जेल से मिल रही ऐसी घटनाएं जेल सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। इस घटना के बाद यह तो स्पष्ट हो जाता है कि फिल्मी तर्ज पर पैसों के सहारे जिला जेल में नशीले पदार्थो के साथ सारी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

## वारदाने से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर जुहला मोड़ के पास रविवार को बारदाने से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानी नहीं हो सकी है, बताया जाता है कि सड़क पर अचानक आई गायों को बचाने की कोशिश में यह हादसा हुआ।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे वारदाने से भरा ट्रक उमरिया से कटनी की ओर आ रहा था, जैसे ही ट्रक जुहला मोड़ के समीप पहुंचा तभी सड़क पर अचानक गायों का झुंड आ गया। बताया जाता है कि गायों के झुंड को बचाने के कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर और परिचालक को मामूली चोटें आईं हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर अचानक कुछ गायें सड़क पार करने लगीं। उमरिया की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने पशुओं को बचाने के लिए स्टीयरिंग तेजी से मोड़ा, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस दौरान ट्रक में लदे बारदाने (बोरे) हाईवे पर बिखर गए। राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया। सड़क पर बारदाने बिखरने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

स्थानीय निवासी और राहगीर मदद के लिए आगे आए। उन्होंने पलटे हुए ट्रक से घायल ड्राइवर और कंडक्टर को बाहर निकाला। उन्हें मामूली चोटें आईं थीं, और प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### ऑपरेशन शिकंजा के तहत चलाया जा रहा विशेष अभियान

## अवैध शराब माफियाओं पर 45 स्थानों पर हुई कार्रवाई, 47 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में अवैध शराब कारोबार लगातार फैलता जा रहा है जिस पर लगाम लगाने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन शिकंजा" के तहत जिलेभर में बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर अवैध शराब बिक्री और निर्माण में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में जिलेभर में 45 स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 45 प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान 47 आरोपियों को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 160.46 लीटर अवैध देशी शराब और 15 लीटर कच्ची शराब जब्त की। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब कारोबार पर नियंत्रण के लिए जिले में लगातार विशेष निगरानी रखी जा रही है। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी क्षेत्र में शराब माफिया सक्रिय न हो सके। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार संचालित हो रहा हो, तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

### श्रीराम कथा में मंगलगीतों के बीच हुआ सीताराम विवाह

## सारे जगत के मंगल हेतु की गई भगवान की समस्त लीलाएं: श्रीरामकृष्णाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



श्रीसीतारामाचार्य गोष्टी अंतर्गत श्री वेंकटेश सत्संग समिति के तत्वाधान में श्री राम कथा के तृतीय दिवस व्यास पीठ पर विराजमान इटारसी से पधारे श्री रामकृष्णाचार्य द्वारा कथा का वर्णन करते किया गया। उन्होने बताया कि श्री विश्वामित्र जी ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार के पश्चात भगवान राम एवं लक्ष्मण के साथ महाराजा जनक के आमंत्रण पर धनुष यज्ञ का बहाना लेकर मिथिला पधारे. महाराजा जनक को जब महर्षि आगमन की जानकारी प्राप्त हुई तो उन्होंने शीघ्रता से पहुंचकर सभी प्रकार का आदर सत्कार कर राजमहल लेकर आए. रामायण का यह चरित्र हमें इस बात की सीख देता है कि हमारे घर में पधारे हुए अतिथियों का उचित आदर सत्कार हमेशा करना चाहिए, यह हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। महाराजा दशरथ भगवान राम लक्ष्मण का दर्शन करके अत्यंत प्रसन्न होते हैं। महाराजा जनक द्वारा महर्षि एवं राजकुमारों के समक्ष दिव्य धनुष की जानकारी रखी जाती है एवं अपनी चिंता व्यक्त की जाती है और बताया जाता है कि मेरे द्वारा रचे गए स्वयंवर में अभी तक पृथ्वी के समस्त राजा, महाराजा, देव, दानव, किन्नर आदि सब पधार चुके हैं किंतु किसी के अंदर इतना सामर्थ भी नहीं था कि वह इस धनुष को उसके स्थान से हिला भी सके। भगवान राम द्वारा गुरुवर एवं समस्त बड़ों को प्रणाम करके दिव्य धनुष को उठाया एवं उसमें प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए जैसे ही प्रयास किया तो वह धनुष टूट गया चारों तरफ भगवान के नाम की जय जयकार होने लगी मधुर ध्वनि बजने लगी सभी रानियां, राजा जनक अत्यंत आनंदित हुए. सभा में उपस्थित समस्त गुरुजनों द्वारा आशीर्वाद दिया गया। भगवान के विवाह पर कथा पंडाल में सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई जिसमें समस्त भक्तजनों द्वारा मंत्रमुग्ध होकर नित्य किया गया। भक्त जनों द्वारा विवाह से जुड़ी हुई मंगल सामग्रियों का वितरण किया गया, मिष्ठान वितरण किया गया, सीता राम विवाह पर विशेष सजावट की गई।

### कलेक्टर ई केवाईसी कार्य की कर रहे सतत समीक्षा

## 11 लाख से अधिक समग्र ई केवाईसी का कार्य हुआ पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 11 लाख 56 हजार 683 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का लगभग 80 फीसदी है।

**नगर परिषद कैमोर अव्वल**

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में नगर परिषद कैमोर जिले में अव्वल है। जहां अब तक 13 हजार 508 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगर निगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 59 हजार 459 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है। इसी प्रकार नगर परिषद विजयराघवगढ़ में अब तक 7 हजार 867, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 37 हजार 132 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद मे 1 लाख 88 हजार 705, जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 18 हजार 102, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 70 हजार 123, जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 83 हजार 280 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 1 लाख 65 हजार 875 एवं नगर परिषद बरही में 12 हजार 632 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य पूरा हो चुका है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराया जा रहा है, जिसकी कार्य तेज गति से किया जा रहा है। सरकार द्वारा तय समय सीमा के अनुसार, यह कार्य अक्तूबर माह के अंत तक पूरा कर लिया जाना चाहिए। प्रखंड प्रशासन द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि जिनका ई-केवाईसी नहीं होगा, उन्हें योजना के तहत कार्य नहीं दिया जाएगा। साथ ही, कार्यस्थल पर उपस्थिति उन्हीं मजदूरों की दर्ज की जाएगी, जो वास्तव में उपस्थित रहेंगे, जिससे कार्य प्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

## कोठी के सिहरा में आंगनवाड़ी खोलने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

ग्राम पंचायत कोठी के वार्ड क्रमांक 06 सिहरा टोला में आंगनवाड़ी केन्द्र की स्थिति पिछले कई महीनों से चिंताजनक बनी हुई है। शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत संचालित यह केन्द्र 15 जनवरी 2024 से एक निजी भवन में चल रहा है। क्षेत्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा किशोरियों को पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने वाला यह केन्द्र अब अपनी मूल भूमिका निभाने में असमर्थ होता जा रहा है। इसी समस्या को लेकर ग्राम पंचायत कोठी की जनपद सदस्य ने कलेक्टर आशीष तिवारी से शीघ्र समाधान की मांग की है। निजी जानकारी के अनुसार, सिहरा टोला का आंगनवाड़ी केन्द्र मूलतः शासन के भवन में संचालित होना था, लेकिन निर्माण कार्य न होने के कारण यह पिछले नौ महीनों से एक निजी मकान में संचालित किया जा रहा है। निजी भवन का किराया, सीमित स्थान और अव्यवस्थित वातावरण के कारण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को केन्द्र संचालन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस केन्द्र में वार्ड क्रमांक 05, 06 और 07 के बच्चे लाभान्वित होते हैं। वर्तमान में केन्द्र में लगभग 27 टी.एच.आर. के बच्चे, 35 पी.एस.सी. और 5 गर्भवती महिलाएँ पंजीकृत हैं। इन सभी को सरकार की योजनाओं के अंतर्गत पोषण आहार, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, एवं प्रारंभिक शिक्षा जैसी सुविधाएँ प्राप्त होनी चाहिए, परंतु भवन के अभाव में यह लाभ अधूरा रह जाता है। जनपद सदस्य ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र सिहरा टोला में शिक्षिका एवं सहायिका की भर्ती प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है। यदि भवन की व्यवस्था हो जाए, तो केन्द्र पूरी क्षमता के साथ कार्य कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति विडंबना से कम नहीं कि सरकार की योजनाएँ और कर्मचारी दोनों तैयार हैं, पर भवन के अभाव में बच्चों और महिलाओं को योजनाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है। जनपद सदस्य के अनुसार, वर्तमान में केन्द्र जिस निजी मकान में चल रहा है, वहाँ जगह बेहद सीमित है। बच्चों के खेलने, बैठने और शिक्षण सामग्री रखने तक के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। बरसात के दिनों में यह स्थिति और भी खराब हो जाती है छत से पानी टपकने और नमी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। सिहरा टोला के ग्रामीणों ने भी इस मुद्दे को लेकर नाराज़गी जाहिर की है। उनका कहना है कि जब जल्द से जल्द उनके वार्ड में आंगनवाड़ी भवन उपलब्ध कराया जावे।

## खबर संक्षेप

### छठ पूजा पर घाट सफाई कर बांटा गया प्रसाद



**बड़वारा।** विलायतकला स्थित नदी घाट पर छठ पर्व के अवसर पर साफ सफाई के साथ पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। संत त्यागी जी के सान्निध्य में महानदी घाट पर समाज सेवा विकास संस्था द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। त्यागी जी ने कहा कि नदी केवल जल नहीं, जीवन का प्रवाह है। जब हम नदी को स्वच्छ रखते हैं, तब अपने भीतर की नकारात्मकता को भी दूर करते हैं। छठ पूजा की सच्ची भावना प्रकृति और सूर्य की उपासना के साथ-साथ आत्मशुद्धि का प्रतीक है। हमें सभी नदियों को गंगा के समान ही पवित्र मानना चाहिए, हर गांव एक तीर्थ है। जहां सेवा और स्वच्छता है, वहीं परमात्मा का वास है। उन्होनें निरंतर सफाई, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, गौ सेवा, भिक्षा सेवा, और जन-जागरण के कार्य करने का संदेश दिया है।

### सो रही महिला की सांप काटने से हुई मौत

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के पिपरिया कला गांव में सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिपरिया कला निवासी अंजना काछी (लगभग 35 वर्ष) शनिवार और रविवार की रात अपने घर में सो रही थीं। इसी दौरान उन्हें किसी सांप ने काट लिया। सुबह जब परिजन ने अंजना को देखा, तो उनकी मौत हो चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि सांप के जहर से उनकी मृत्यु हुई है। घटना की सूचना तत्काल बरही पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को अंतिम संस्कार के लिए सौंपा गया।

### जिले में अब तक 1164.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से रविवार 26 अक्टूबर तक कुल 1164.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1087.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 7.1 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1218.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1481.2 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 1040 मिलीमीटर, बरही तहसील में 1053 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 999.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 1057 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1356.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1109.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## देव उठनी एकादशी से शुरू हो जायेगें विवाह, बाजार में खरीददारी शुरू

# अवैध मैरिज गार्डनों में भी हो रही बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



देवउठनी एकादशी से वैवाहिक सीजन शुरू होने वाला है, जहां शहर के सभी वैध व अवैध मैरिज गार्डनों में जोरों से बुकिंग की जा रही है। सोने व चांदी के आसमान छू रहे दामों के बीच लोग हल्के वजन के गहनों की खरीददारी करने का प्लान बना रहे हैं।

दीपावली की जगमगाहट के बाद अब शहर फिर से उत्सव के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। देवउठनी एकादशी (1 नवंबर) से शुभ कार्यों का सिलसिला शुरू होगा और इसी के साथ शादियों का सीजन भी लौट आएगा। शहर के दर्जन भर अवैध मैरिज गार्डन भी एक बार फिर प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए मोटी रकम कमाने की तैयारी में हैं। इन अवैध मैरिज गार्डनों में प्रशासन द्वारा वैवाहिक सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाही नहीं की जाती है जैसे ही सीजन समाप्त हो जाता है वैसे ही प्रशासन की आंख खुलती है और नोटिश पर नोटिश की बौछार की जाने लगती है। अवैध मैरिज गार्डन के संचालकों द्वारा तमाम नियमों को ताक में रखकर जिम्मेदार अधिकारियों की सांठगांठ के साथ वैवाहिक सीजन में जमकर मोटी कमाई करने तैयारी बना चुके हैं।

वैवाहिक सीजन शुरू होने वाला है जिस पर बाजारों में फिर से रौनक छाने लगी है। सोना-चांदी के रिकॉर्ड तोड़ दामों के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। सराफा बाजार से लेकर वस्त्र, ब्यूटी पार्लर और डेकोरेशन तक हर क्षेत्र में खरीदारों की भीड़ बढ़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि महंगाई ने जेब पर भले असर डाला हो, लेकिन वैवाहिक उत्सव का जोश बरकरार है। बढ़ती कीमतों के बावजूद सोने की चमक और शादियों की रौनक दोनों कायम हैं। लोग खर्च में समझदारी जरूर दिखा रहे हैं, पर उत्सव की भावना वैसी ही दमक रही है। बाजारों की भीड़ यही कह रही है महंगाई चाहे जितनी बढ़े, खुशियों की शहनाइयां कभी नहीं थमतीं। शहर के सराफा बाजार में पिछले कुछ दिनों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ी है।

सोने चांदी के आसमान छू रहे दामों की वजह से लोग हल्के वजन की ज्वेलरी ट्रेंड देखा जा रहा है, महंगाई के दौर में भी ग्राहकों ने अपने तरीके से बाजार में तालमेल बैठा रहे है। भारी गहनों के बजाय अब लोग हल्के वजन वाले डिजाइनर आभूषणों को प्राथमिकता दे रहे हैं। सराफा व्यापारी सतीष सोनी बताते हैं कि चार महीनों में सोने के भाव करीब 25-30 प्रतिशत बढ़े हैं, लेकिन ग्राहकों ने बजट और फैशन के बीच संतुलन बना रहे हैं, अब लोग कम सोने में भी आकर्षक डिजाइन वाली ज्वेलरी चुन रहे हैं। इसके साथ ही कॉम्बो ज्वेलरी, कृत्रिम गहनों और किराये पर मिलने वाले सेटों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। शादी के परिधानों से मेल खाती कस्टमाइज्ड ज्वेलरी का ट्रेंड युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। देवउठनी एकादशी से शुभ कार्यों का आरंभ हो जावेगा, जिले भर में हजारों की संख्या में विवाह समारोहों का आयोजन किया जावेगा, व्यापारियों का कहना है कि नवंबर से जनवरी तक का समय व्यवसाय के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। सराफा, वस्त्र, ब्यूटी पार्लर, सजावट और होटल कारोबार में इन बुकिंग्स से रौनक लौट आई है। शादी के लिए आवश्यक सामग्री की मांग बढने से स्थानीय बाजारों में तेजी आई है। धनतेरस के बाद से ही लोगों ने सोना, चांदी, बर्तन, वस्त्र और इलेक्ट्रानिक्स की खरीदी शुरू कर दी थी, जो अब विवाह सीजन में और बढ़ गई है। व्यापारी बताते हैं कि दीपावली के बाद सोने व चांदी के भाव में गिरावट आने से लोग विवाह के लिए गहने बनवा रहे हैं। हल्के वजन वाले डिजाइन खूब पसंद किए जा रहे हैं। धीरे-धीरे बाजार पटरी पर लौट रहा है और ग्राहकों का भरोसा फिर से बढ़ा है।

देवउठनी एकादशी के साथ सभी शुभ कार्यों की शुरुआत होगी। ज्योतिषियों का कहना है कि इस बार नवंबर में 14 विवाह मुहूर्त हैं। 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25 और 30 नवंबर को विवाह योग्य तिथियां रहेंगी। शुक्र ग्रह अस्त होने की वजह से जनवरी 2026 में विवाह नहीं होंगे, लेकिन फरवरी से फिर शुभ मुहूर्तों की शृंखला शुरू होगी। फरवरी में 4, 5, 6, 8, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25, 26 तिथियों को विवाह के लिए अत्यंत शुभ बताया गया है।

## भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धरवारा स्थित बाहरी दीवाले मे विश्व कल्याण की कामना को लेकर रविवार से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान भव्य कलश शोभायात्रा निकली गई, शोभायात्रा संपूर्ण ग्राम का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल पहुँची। शोभायात्रा में कन्याएं व महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर रामनाम की धुन के साथ शोभायात्रा चल रही थी, वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। इस दौरान जुगल गर्ग, कमलेश गर्ग, अमित गर्ग, पंकज नामदेव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धांलुओं की उपस्थिति रही। ईश्वर के चरणों मे जुड़े रहो वही सच्चा आधार-सप्ताह ज्ञान यज्ञ में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भी आयोजन शुरू हुआ। कथा का वाचन नीलम मिश्रा के मुखारविंद से किया जा रहा है। प्रथम दिवस कथावाचक ने उपस्थित जनमानस को बताया कि भक्त निरंतर भक्ति करते हुए भगवान के भरोसे हो जाए तो संकट में भगवान ही उसकी रक्षा करते हैं। हमेशा भगवान के चरणों से जुडक़र रहना चाहिए, संकट के समय यह पक्का आधार अवश्य काम आएगा। जिस तरह भक्तिमयी मीरा ठाकुरजी को आधार मानकर विष का प्याला पी गई थी तो भक्ति के आधार ने ही उसकी रक्षा की थी। जिस दिन प्रभू से मिलना होगा, उस दिन सहज मुक्ति मिल जाएगी। सांसारिक जीवन में एक ओर दुःख-संताप का सागर दिखाई देता हैं तो दूसरी ओर अधिक धन-सम्पत्ति पाने की लालसा। जो संत के संताप अपनी ओर खींचे, वह सच्चा गुरू है। जो धर्म की राह पर धन-संपत्ति अपनी ओर खीचें, वह अधर्मी मात्र है। कथा के दौरान आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने पुण्य लाभ उठाया।

*अन्य मोटरसाइकिल चोरी के मामलों का भी हो सकता है खुलासा*

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपित को पुलिस ने धरदबोचा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




जिले भर में आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिसमें मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों में भी इजाफा देखा जा सकता है। चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलहरी पुलिस को एक सफलता मिली है। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चिसीया एवं थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, चौकी बिलहरी प्रभारी सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम द्वारा अपराध क्रमांक 783/25 धारा 305 बी में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले की पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस ने सौरभ बर्मन पिता स्व. भोला बर्मन (20 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 28, बजरंग नगर, कटनी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने मोटरसाइकिल क्रमांक MP21 ML 8262 (स्टार सिटी) को बडखेरा हार क्षेत्र से चोरी किया था तथा उसे आया कुंड के पास छुपाकर रखा था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने बाइक बरामद कर जब्त कर ली। पुलिस ने आरोपी पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है, क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की वारदात का खुलासा होने का भी संकेत बताए जा रहे हैं, मामले में थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा, सुयश पाण्डेय, संतोष प्रजापति, भरत विश्वकर्मा, सौरभ जैन, दिलकेश्वर, संदीप भलावी, लव उपाध्याय एवं विकास कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## सांदीपनि विद्यालय करेला टीम राज्य स्तर पर हुई चयनित



**बरही।** संदीपनि विद्यालय करेला को संभाग स्तर पर कालिदास समारोह का आयोजन हुआ जिसमें संदीपनि विद्यालय करेला की संभाग में चयनित नृत्य नाटिका संभाग में प्रथम स्थान पर चयनित होकर राज्य स्तर पर पहुंच गई है। राज्य स्तर प्रतियोगिता उज्जैन आयोजित होगी। विद्यालय की नित्य नाटिका नंदिनी ग्रुप एवं चित्रांकन अंशिका सोनी राज्य स्तर में शामिल होगी, टीम की मार्गदर्शी संस्कृत शिक्षिका सुश्री सुरक्षा लंझेवार संस्कृत शिक्षक शैलेंद्र पांडे विनोद सकवार देवा बंसल एवं अनिल दुबे का विशेष प्रयास रहा । साथ ही विद्यालय के प्राचार्य आर के शुक्ला के मार्गदर्शन एवं सभी शिक्षकों ने राज्य स्तर पर पहुंचआने में अपना-अपना सहयोग प्रदान किया। विद्यालय परिवार ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की की, जिला शिक्षा अधिकारी एस एस मरावी, सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपी अभय जैन, सहायक संचालक श्रीमती धनश्री जैन, एसएम सिंह, डीपीसी प्रेम नारायण तिवारी द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## 1.75 लाख किसानों की फार्मर आईडी बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषकों को कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से आसानी से केसीसी ऋण प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी की फॉर्मर रजिस्ट्री कर एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। जिले में अब तक 1 लाख 75 हजार 219 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। यह कुल लक्ष्य के विरुद्ध 99.13 प्रतिशत उपलब्धि है। कलेक्टर द्वारा राजस्व अधिकारियों की बैठक में किसानों के फार्मर आईडी रजिस्ट्री मामले की सतत समीक्षा की वजह से यह उपलब्धि हासिल हो सकी है।

कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में अभियान स्वरूप में फार्मर आईडी रजिस्ट्री प्रक्रिया का कार्य संपादित किया गया। कटनी नगर तहसील में अब तक 9 हजार 442 किसानों की फार्मर आईडी बनाईं जा चुकी है। जबकि कटनी ग्रामीण तहसील के 10 हजार 638 किसानों की, स्लीमनाबाद तहसील के 17 हजार 195 किसानों, बहोरीबंद तहसील के 25 हजार 645 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील के 29 हजार 545 किसानों की, ढीमरखेड़ा तहसील के 26 हजार 923 किसानों सहित बरही तहसील के 17 हजार 227 किसानों और रीठी तहसील के 22 हजार 547 किसानों एवं बड़वारा तहसील के 16 हजार 89 किसानों की फार्मर आईडी बनाईं जा चुकी है।

किसान घर बैठे अपने मोबाइल पर फार्मर सहायक एमपी एप डाउनलोड कर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। मोबाइल एप के अलावा किसान पटवारी अथवा उनके गांव में नियुक्त सर्वेयर सहायक से भी फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे। एमपी ऑनलाइन कियॉस्क या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क चुकाकर किसान फार्मर रजिस्ट्री करा सकेंगे।

जिल किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, उन्हें किसान सम्मान निधि और कृषि योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे किसानों को जल्द से जल्द केंद्रों या ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्री कराने का अवसर है। एग्रीस्टेक योजना के तहत यह अनिवार्य है, जिससे कृषि ऋण, बीमा और सरकारी योजनाओं में सब्सिडी का लाभ मिल सके। इससे किसानों को एक नहीं अनेक लाभ हैं मिलने वाले हैं, कृषि ऋण से लेकर फसली बीमा आदि का भी लाभ आसानी से किसानों को मिल सकेगा।

*छठ पर्व के दूसरे दिन खरना विधान किया गया, दी शुभकामनाएं*

## कल डूबते सूर्य को दिया जाएगा पहला अर्ध्य, घाटों पर प्रशासन की तैयांरियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आस्था, श्रद्धा और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शनिवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया। आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला जहां घर-आंगन से लेकर घाटों तक छठ मईया के गीत गूंज रहे है। छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को खरना पूजा के अवसर पर शहर के बाजारों में पूजन सामग्री व फलों की खरीदारी को लेकर ग्राहकों की भीड़ रही। सुबह से ही लोग सूप-डाला, नारियल, फल-फूल और पूजन सामग्री की खरीदारी में जुट गए थे। छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाली पारंपरिक सामग्रियों में सूप, डाला, नारियल, नींबू, अमरूद, सुथनी, केला, आंवला, अदरख गाछ और हल्दी गाछ, केतारी की बिक्री दिनभर जोरों पर रही। श्रद्धालु खरना के बाद होने वाले अर्घ्य के लिए पहले से ही सामग्री जुटाने में लगे हुए थे।

रविवार को छठ पूजा के दूसरे दिन खरना की शुभकामनाओं के साथ एक दूसरे को बधाई दी गई। रविवार को चावल, दूध और गुड़ से खीर बनाकर भगवान सूर्य और छठी मइया को अर्पित की गई, खरना में शुद्धता और त्याग का महत्व काफी महत्व बताया गया है, सूर्य और छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

रविवार को खरना पर विशेष प्रसाद बनाया गया। इसी के साथ सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत का संकल्प लिया गया। खरना के दिन मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाई गई। इसके अलावा गुड़ की अन्य मिठाई, ठेकुआ और लड्डू बनाए गए। रविवार को सभी महिलाओ ने छठ व्रत पूरी निष्ठा से छठी मैया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाया गया। यह प्रसाद घर-परिवार और आस-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दुःख दूर होते हैं। छठी मैया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। इसके बाद पूरा परिवार व्रती से आशीर्वाद लेता नजर आया। मान्यता है कि यह व्रत संतान की प्राप्ति और उनकी समृद्धि के लिए रखा जाता है। इस पर्व पर सूर्य देवता और छठी मैया की पूजा का विधान पूरी निष्ठा व शुद्धता व पवित्रता के साथ मनाया गया।

## मटवारा कांड पर सरपंच संघ व समाज का फूटा गुस्सा, आरोपियों को पकड़ने 10 हजार इनाम

# न्यायोचित कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन, 30 को चक्का जाम का अल्टिमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मटवारा पेशाब कांड मामला थमने का नाम नहीं लें रहा है, दलित युवक के साथ मारपीट के साथ घटित हुये मूत्र कांड पर जहाँ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही तो अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर भीम आर्मी 28 अक्टूबर को प्रदेश व्यापी जेल भरो आंदोलन कटनी में करेगी। वहीं अब मटवारा सरपंच के पक्ष में बहोरीबंद सरपंच संघ व स्वर्ण समाज भी मैदान में उतर आया है। रविवार को सरपंच संघ व स्वर्ण समाज के लोगों स्लीमनाबाद तिराहा से पैदल मार्च करते हुये थाना पहुंचें, जहाँ पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम कहा गया कि पुलिस ने बिना साक्ष्य और बिना निष्पक्ष जांच के ही ग्राम पंचायत मटवारा के सरपंच सहित चार निर्दोष लोगों पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है, जो सरासर अन्याय है। संगठनों का कहना है कि यह मामला पूरी तरह निराधार और पुरानी रंजिश का परिणाम है। विगत 13 अक्टूबर को ग्राम पंचायत द्वारा राजकुमार चौधरी पर एक मामला दर्ज कराया गया था, उसी का बदला लेने के उद्देश्य से 16 अक्टूबर को गलत आरोप लगाकर मूत्र त्याग जैसे घृणित अपराध का प्रकरण सरपंच एवं अन्य लोगों पर दर्ज कराया गया।

पुलिस अब तक इस मामले में कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई है, फिर भी लगातार सरपंच के परिजनों पर दबाव बनाते हुए थाने में घंटों तक पूछताछ के नाम पर बैठाए रखा जाता है, जिससे आमजन में असंतोष व्याप्त है। सरपंच संघ ओर स्वर्ण समाज ने अल्टीमेटम देते हुआ कि यदि पुलिस प्रशासन ने जल्द ही जांच कर फर्जी धाराएं नहीं हटाईं तो 30 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से स्लीमनाबाद थाने का घेराव और चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा।

पहले जांच फिर गिरफ्तारी" की मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन उग्र होगा और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान सरपंच फोरम ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पटेल, विकास पांडेय, श्याम ज़ी सोनी, कमलेश विश्वकर्मा, सुनील गुप्ता, गुड्डन सिंह,किशन पटेल, आफत यादव, विजय अग्रवाल, रवि दुबे, मनोज मिश्रा, दीपक मिश्रा सहित सरपंचो ओर स्वर्ण समाज की लोगों की उपस्थिति रही!

### 10 हजार का इनाम

आरोपियों को पकड़ने पुलिस के द्वारा विशेष टीमें गठित की गईं, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक आरोपी नहीं लगे, मटवारा कांड के चारों आरोपी के विरुद्ध स्लीमनाबाद थाना में अपराध क्रमांक 579/25 धारा 25, 115 (2), 351(3), 3(5) बीएनएस 3 (1) ए, 3 (1) सी, 3 (1) ई, 3 (1) द,ध 3 (2) वी एससी/एसटी एक्ट के आरोपी राम बिहारी हल्दकार पिता कठोरी लाल हल्दकार उम्र 45 वर्ष, रामानुज पाण्डेय पित्ता स्व. रामकिशोर पाण्डेय उम्र 60 वर्ष 4 माह, सतीष पाण्डेय पिता नारायण पाण्डेय उम्र 34 वर्ष 03 माह एवं पवन पाण्डेय पिता शंभुज पाण्डेय उम्र 31 वर्ष सभी निवासी मटवारा थाना स्लीमनाबाद के ऊपर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने नगद इनाम की घोषणा की है। घटना के बाद से उक्त आरोपी फरार हैं। उक्त फरार आरोपीयों की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने के बाद भी आरोपीगणों का कोई पता नही चला। इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एवं पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-ए मे दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए घोषणा की गई है कि जो कोई व्यक्ति प्रकरण के आरोपियों के सम्बन्ध मे सार्थक सूचना प्रदान करें, जिससे आरोपी की गिरफ़्तारी की जा सके। उस व्यक्ति को नगद 10 हजार रूपये के ईनाम से पुरस्कृत किया जावेगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षकका होगा।



## खेल मैदान में हो रहा अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

हीरापुर वार्ड नं. 15 में शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन का मामला सामने बाया है। स्थानीय जनों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बरही नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 हीरापुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा न. 1524 में ईंट निर्माण हेतु अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई किए जाने का किया जा रहा है। यहां मजदूरों को लगाकर उत्खनन का कार्य किया जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों में गहरी नाराज़गी व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भूमि शमशान घाट एवं खेल मैदान के रूप में उपयोग की जाती रही है, ऐसे में वहां हो रहे अवैध उत्खनन से भूमि में बड़े बड़े गढ्ढे किए हा रहे हैं। अनिल काछी, अभिलाष काछी, भगवत प्रसाद, लल्लाराम, सुदामा, प्रभुदयाल सहित दर्जनों नागरिकों ने ज्ञापन सौंपते हुए शासकीय भूमि पर इस प्रकार की अवैध गतिविधि को तत्काल रोक लगाए जाने प्रशासन से अनुरोध है करते हुए संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

**खबर संक्षेप**

## 18 वर्षीय लड़की घर से हुई गायब, परिजन हैरान

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम झरकुंआ तारा से आज एक 18 वर्षीय लड़की दोपहर अचानक अपने घर से गायब हो गई जिसके परिजन पूरे दिन उसे तलाश करते रहे जब कही कोई जानकारी नही लगी तो शाम पुलिस थाना अमानगंज मे सूचना दी। फरियादी आजाद खां पिता मोहब्बत खा मैं सूचना दिया कि आज दिनांक 26 10 25 को उसकी बहन आरजू पिता मोहब्बत खान उम्र 18 वर्ष दोपहर 12रू00 बजे घर से कहीं चली गई है तलाश करने पर नहीं मिली फरयादी की सूचना पर अमानगंज पुलिस ने गुम इंसान कायम कर उसकी तलाश आरंभ की है।

## शाहनगर में कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**पन्ना।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुखिया श्री मोहन यादव जी का शाहनगर में प्रथम बार आगमन हो रहा है यह पहला अवसर होगा जब कोई मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए कार्यक्रम आयोजित होगा इसी क्रम में पन्ना कलेक्टर ऊषा परमार के द्वारा सभा स्थल का निरीक्षण किया गया साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देशित किया पन्ना कलेक्टर का भी शाहनगर में यह प्रथम आगमन है इस मौके पर शाहनगर के एसडीएम और तहसीलदार के साथ अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## अमानगंज बायपास का घटिया निर्माण, ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**अमानगंज।** नगर अमानगंज 4.69 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए बायपास रोड का अभी लोकार्पण भी नहीं हो पाया और मार्ग चलने लायक नहीं बचा। मार्ग की बदहाली से लोग हादसों का शिकार हो रहे है। लोगों ने कहा कि बायपास का हमे वर्षों से इंतजार था, उम्मीद थी कि भारी वाहनों से मुक्ति मिल जाएगी और कम समय में सफर पूरा होगा, परंतु ठेकेदार और एमपीआरडीसी के अधिकारियों के गठजोड़ ने हमारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। लोगों ने कहा, ऐसा घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए। जिससे जनता के पैसे का फिर कोई दुरुपयोग न करने पाए। बायपास बनते ही उधड़ने लगा और जगह-जगह धंसने के मामले को समाचार पत्रों ने उजागर किया तो विधायक राजेश वर्मा ने सड़क की गुणवत्ता पर विधानसभा में सवाल कर जवाब मांगा। इसके बाद एमपीआरडीसी के जिम्मेदारों की नींद टूटी। आनन-फानन में दो सदस्यी जांच टीम नाई गई।बजिसमें संभाग के साथ जिले के अधिकारियों को शामिल किया गया। जांच टीम को अधिकारियों, क्षेत्रीय लोगों और विधायक ने उखड़ी और जगह-जगह धंसी सड़क दिखाई। अधिकारियों ने माना, निर्माण में गड़बड़ी हुई है और फिर दोबारा सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया। लेकिन जो सड़क दोबारा बनी उसमें भी अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता का निरीक्षण ठीक से नहीं हुआ जिससे फिर से बाईपास सड़क जर्जर होने लगी। परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### प्राचार्यों की बैठक दो सत्रों में संपन्न,परीक्षा परिणाम सुधार एवं सख्त परीक्षा व्यवस्था पर दिया जोर

# सीसीटीवी निगरानी में होगी छः माही परीक्षा, वार्षिक परीक्षा जैसी होगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को दो सत्रों में विभाजित किया गया था। प्रथम सत्र में उन विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक ली गई जिनके स्कूलों के परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत या उससे अधिक रहे हैं। द्वितीय सत्र में ऐसे विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई जिनके परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत से कम रहे हैं। बैठक के दौरान दोनों श्रेणियों के विद्यालयों के लिए अलग-अलग रणनीति तैयार की गई। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शिक्षा विभाग की पूरी टीम रणनीति फाइनल कर रहे हैं क्योंकि परीक्षाओं को अब केवल ढाई महीने का समय बचा हैं, इस दृष्टि से चीजों की तेजी से तैयारी करनी हैं और यह संकल्प सभी ने प्राचार्यों ने व्यक्त किया कि जिन स्कूलों में परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत के लगभग आया था, वह इस परिणाम को 80 से 90 प्रतिशत तक लेकर जाएं, जहां 80-90 प्रतिशत के बीच में आया था वह इसको 95 से 100 प्रतिशत लेकर आयेंगे। उन्होंने बताया लगभग 15 विद्यालयों के प्राचार्यों ने आज हमारे सामने यह संकल्प व्यक्त किया कि इस बार हम अपना परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत लेकर कर आएंगे और वो लोग पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ काम करेंगे। साथ ही दूसरी बैठक में बाकी लोगों से डिस्कस किया गया जहां परीक्षा परिणाम अपेक्षा से काफी कमजोर हैं उसके लिए भी एक रणनीति बनाकर के अगले ढाई महीने के लिए उसको बहुत तेजी से लागू करेंगे ताकि हमारे बच्चों के परीक्षा परिणाम बहुत अच्छे हैं। कलेक्टर श्री कोचरे ने कहा दूसरी चीज जो एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, पिछले वार्षिक परीक्षा जो हमने पिछली बार कराई थी, वह सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई थी, इस बार वार्षिक परीक्षा की भांति ही जो छः माही परीक्षा भी नवम्बर के फर्स्ट वीक में प्रारंभ होगी, वो पूरी परीक्षा बिल्कुल वैसे कराएंगे जैसे वार्षिक परीक्षा होती हैं, बिल्कुल बोर्ड की परीक्षाओं की तरह परीक्षा होगी, सीसीटीव्ही की निगरानी में होगी, बहुत सख्त मॉनिटरिंग करेंगे ताकि इसके दो फायदे होंगे, इसमें तीन घंटे बैठ कर लिखने की आदत बनेगी और ये आदत उनको वार्षिक परीक्षा में काम आएगी। उन्होंने बताया दूसरी चीज पिछली बार सीसीटीव्ही कैमरे पहली बार लगाए गए थे तो कई बार बच्चों को थोड़ा असहजता की स्थिति भी उत्पन्न हुई थी कि यह नई क्या व्यवस्था लागू हुई, इस बार उसका एक प्रैक्टिस स्टेशन रिहर्सल जिसको कहते हैं, अभी कर लेंगे। आगे जब बार्षिक परीक्षाओं में यह होगा तब ऐसी स्थिति में उनको दिक्कत ना आए। जिन स्कूलों में सीसीटीव्ही कैमरे नहीं वहां पर हमारा अलग निरीक्षण दल तैनात रहेंगे जो सीसीटीव्ही कैमरों की भरपाई करेंगे। बोर्ड के 84 परीक्षा केंद्र हैं लेकिन यहां बाकी परीक्षाओं के कई ओर केंद्र भी है तो वहां पर दिक्कत ना आए इसके लिए व्यवस्था की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सहित संस्थाओं के प्राचार्यगण मौजूद रहे।

# आचार्य विशुद्ध सागर जी की आज जबेरा में होगी भव्य आगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जैन समाज एवं समस्त नगरवासियों के लिए यह हर्ष और गौरव का विषय है कि आचार्य परंपरा के तेजस्वी संत आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज का मंगल प्रवेश जबेरा की पावन भूमि पर होने जा रहा है। इस अवसर पर नगर में भव्य आगवानी यात्रा एवं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार महामुनिराज आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का यह आगमन जैन धर्म की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। श्रीसंघ की जबेरा में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन समाज, श्री विद्यासागर जीवदया समिति सहित अनेक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा महाराज श्री की आगवानी की तैयारियाँ जोरों पर हैं। नगर के प्रमुख मार्गों को रंगोली, तोरण द्वारों और पुष्प सज्जा से सजाया जा रहा है। जगह-जगह समाज के युवाओं द्वारा स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि महाराज श्री का प्रवेश नगर में प्रातःकाल शोभायात्रा के रूप में होगा जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु पदयात्रा के रूप में शामिल होंगे। मंगल ध्वनियों, बैंड-बाजे और जयघोषों से सम्पूर्ण नगर धर्ममय वातावरण में डूब जाएगा। समाजजनों ने बताया कि यह अवसर जबेरा के इतिहास में सौभाग्य से आया है जब इतने बड़े महामुनिराज का नगर में प्रवेश हो रहा है। समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने पुण्य का लाभ प्राप्त करें। आगवानी के उपरांत महामुनिराज आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी का आशीर्वचन एवं धर्मसभा का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें वे आत्मकल्याण, अहिंसा, संयम और जीवन की सच्ची दिशा पर अपने प्रेरणादायी वचनों की वर्षा करेंगे। उसके पश्चात आहार चर्या सम्पन्न होगी समिति के अनुसार, सभा स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम में सामूहिक आरती एवं पाठ का आयोजन होगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जबेरा नगर के लिए एक आध्यात्मिक पर्व है जो समाज में नई ऊर्जा, सद्भाव और प्रेरणा का संचार करेगा। श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनिराज की यह भव्य आगवानी जबेरा की धार्मिक परंपराओं को नई ऊँचाई प्रदान करेगी और यह दिन जबेरा नगर के लिए इतिहासिक में होगा।

# प्रोफेसर ने गौशाला पहुंचकर की गौसेवा, व्यवस्थाओं को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



शनिवार की दोपहर को दमोह से लौटते समय प्रसिद्ध फ्रेंच लैंग्वेज प्रोफेसर श्रीमती मोनिका कोचर ने स्थानीय आचार्य विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला पहुंचकर गौवंश का दर्शन एवं सेवा कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण किया तथा गौशाला में की जा रही व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। श्रीमती कोचर ने स्वयं अपने हाथों से गौवंश को हरा चारा एवं गुड़ के लड्डू खिलाए और गौमाता की सेवा का आनंद लिया।

उन्होंने कहा कि गौशाला की स्वच्छता, अनुशासन और गोसेवा के प्रति कार्यकर्ताओं का समर्पण वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि "आप सभी का गोवंश के प्रति प्रेम, लगाव और सेवाभाव समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है।" उन्होंने आगे कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि गौमूत्र, गोबर से बने उत्पादों जैसे जैविक खाद, धूपबत्ती, पेंट आदि के उत्पादन को बढ़ावा देकर गौशाला की आय में वृद्धि की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में भी गोसेवा की भावना विकसित करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए, जिससे नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़े रह सके। भ्रमण के दौरान गौशाला प्रबंधन समिति की ओर से अध्यक्ष संजय कुमार जैन, महामंत्री अमरचंद जैन विवेक जैन बिहा कोचर श्रीमती रेशु जैन, श्रीमती सुनीला जैन सहित गौशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी ने प्रोफेसर कोचर का पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। श्रीमती मोनिका कोचर ने अंत में कहा कि इस प्रकार की सेवाएं न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानवीय संवेदनाओं को भी सशक्त करती हैं। उन्होंने गौशाला समिति को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में निरंतर प्रगति की कामना की।

## पेंशनर्स दिवस मनाने को लेकर हुई बैठक

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को सामुदायिक लोक स्वास्थ्य केंद्र के हाल में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एशोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें वार्षिक उत्सव पेंशनर्स दिवस 17 दिसंबर को मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में वरिष्ठ सदस्य यशभूषण सिंह की पत्नि का स्वर्गवास हो जाने के कारण सभी सदस्यों ने दो मिनिट का मौन धारण कर अपनी श्रद्धाजंली दी। बैठक में डां जेपी खरे, सुखदेव प्रसाद साहू, डां ओपी अवस्थी, जेपी खरे, रोशन सिंह राजपूत, हरप्रसाद साहू, किशनलाल यादव, श्याम बिहारी खरे, छोटेलाल यादव, उदयराम राय, आरबी एल शर्मा, मोतीलाल साहू, परमानंद रजक, सलीम खान आदि पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## पवई के पन्नी नाला के पास सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**पवई।** पवई से लगभग 12 किलोमीटर दूर पन्नी नाला के पास एक हृदयविदारक घटना घटित हुई है, जिसमें कार और मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत से एक की मौत, एक के घायल होने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 11 निवासी सचिन सोनी पिता सुरेश सोनी उम्र 38 वर्ष व अनंत राम पिता मिट्ठू लाल प्रजापति उम्र 35 वर्ष मोटरसाइकिल से सवार होकर पन्नी नाला के पास से आ रहे थे, तभी सफेद रंग की कार एमपी 35 सीए 0936 से आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे सचिन सोनी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और घायल अनंतराम को 108 के सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे कटनी जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

# लोधी लोधा राजपूत महासभा की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा की बैठक वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सामुदायिक भवन दमोह में दोपहर 12 जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह लोधी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्व प्रथम वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी के छाया चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप्रज्वलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं ने अपना अपना परिचय दिया एवं तिलक लगाकर दीपावली की बधाई दी तथा सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई,जिसमें समाज सुधार ,विधवा विवाह ,पुनर्विवाह ,दीपावली मिलन समारोह के साथ ही वर बधू विवाह पंजीयन सामाजिक सुधार हेतु संगठन विस्तार की बात रखी गई साथ ही जिले में देवलोक गमन हुए लोगों की आत्मा की शांति हेतु सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई जिनमें स्व. मोहन सिंह पूर्व सरपंच केवलारी स्व.साधु सिंह बिसनाखेड़ी, स्व. हरि सिंह लोधी बिसनाखेड़ी, स्व. पंचम सिंह इमलिया, स्व.नरेंद्र सिंह वकील साहब बजरंगढ़, स्व. कल्याण सिंह धोराज स्व. संजीव सिंह राजा पटना स्व. कामता सिंह नैनवार, स्व. श्रीमती तुलसा बाई ग्राम सिहेरा, स्व. नन्हे सिंह अर्थखेड़ा स्व. बाबू सिंह अर्थखेड़ा स्व.मलखान सिंह हिंडोरिया स्व. बहादुर सिंह हिंडोरिया को दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगतों की आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई श्रद्धांजलि दी ,तथा समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई । बैठक में उपस्थित प्रेम सिंह लोधी अध्यक्ष ,अमर सिंह लोधी कार्यकारी अध्यक्ष, प्रहलाद सिंह सचिव खिलान सिंह ब्लॉक अध्यक्ष दमोह पप्पू सिंह वी डी सी हालगज, खेत सिंह नन्हे राजा प्रचार प्रसार मंत्री , सुरेन्द्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष वाटियागढ़, नारायण सिंह शिक्षक अर्जुन सिंह राजेंद्र सिंह राजेश सिंह कलू सिंह आदि समाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**हिण्डोरिया।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी दमोह के निर्देशन एवं अति.पु.अधी.सुजीत सिंह भदौरिया एवं एसडीओपी पथरिया प्रिया सिन्धी के कुशल मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर हिण्डोरिया, चौकी प्रभारी मलखान सिह बिलाई के नेतृत्व आज 26 अक्टूबर 2025 को ग्राम बिलाई में सायबर अपराधों से अपराधो से बचने एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बचाव के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत के सरपंच गन्नी बाई पटैल, उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश लोधी, सरपंच प्रतिनिधि दयाराम पटैल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेन्द्र पटैल, सामाजिक कार्यकर्ता नवल पटैल, कमलेश पटैल, श्याम सुन्दर पटैल, हरप्रसाद पटैल, सुरेन्द्र पटैल, श्री अरविन्द पटैल, सुरेन्द्र पटैल, नरेश पटैल, दीपक पटैल पकंज पटैल, सुरेन्द्र राय, शगोलू राय, परम लाल रजक, साहब सीग घोषी, कमलेश अहिरवार, प्रेमशंकर गर्ग, भगवानदास अहिरवार, ग्राम कोटवार सेवक राम अठ्या, ग्राम बिलाई के समस्त गणमान्य नागरिक एवं आस पास के लोगो को सायबर क्राइम एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बचाव की समझाइस दी गई।

# प्रदेश भर से आए गायक समूहों ने बिखेरे कला के रंग



**दमोह।** भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत और दमोह शाखा द्वारा दमोह के उत्सव विलास पैलेस में प्रांत स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. शुभारंभ सत्र में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. अतिथि भाजपा महामंत्री महेश पटेल.प्रदेश भर से चुनिंदा टीमें इस कार्यक्रम में शामिल हुई,जिन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसमें एक देशभक्ति गीत हिंदी में और एक संस्कृत में प्रस्तुत किया गया,वहीं वैकल्पिक प्रस्तुति के रूप में लोकगीत की प्रस्तुति इन टीमों द्वारा दी गई.बताया जा रहा है की इन प्रतियोगिताओं में चुने हुए प्रतिभागी आगे क्षेत्र स्तर और राष्ट्र स्तर पर प्रस्तुति देंगे महामहिम राष्ट्रपति के समक्ष भी इनकी प्रस्तुतियां दी जाएगी और उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में भारत विकास परिषद शाखा तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर की टीम, भारत विकास परिषद दमोह की टीम, देवी अहिल्याबाई महिला शाखा जबलपुर की टीम,भारत विकास परिषद नरसिंहपुर की टीम, विवेकानंद शाखा नरसिंहपुर की टीम, भारत विकास परिषद जबलपुर की टीम मौजूद रही सभी प्रतिभागियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुत किया दी गई. इस कार्यक्रम के दौरान दो सौ से भी अधिक प्रदेश भर के कलाकार मौजूद रहे और आकर्षक गीतों की प्रस्तुतिया दी, वही इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में मशहूर कवित्री काव्या मिश्रा, संगीतकार रवि बर्मन, संगीतकार मंजूषा तिवारी भोपाल मौजूद रहीं, समूह गायन की प्रस्तुति के बाद अगले सत्र में लोकगीत का आयोजन किया गया, विभिन्न क्षेत्रों के लोकगीतों का प्रस्तुतीकरण यहां से किया गया,वहीं समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय सह भौतिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रामलाल पटेल, प्रांतीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद संजय तिवारी, क्षेत्रीय संस्कार प्रमुख मध्य भारत क्षेत्र अनिल डागा, नव नियुक्त भारत विकास परिषद अध्यक्ष शाखा दमोह श्रीमती किरण गोस्वामी, उपस्थित अतिथियों ने प्रतियोगिता के विजय समूह को सम्मानित किया, सांत्वना पुरस्कार एमएल बी जबलपुर के छात्राओं को, सरस्वती शिशु मंदिर दमोह, भारत विकास परिषद शाखा तेंदूखेड़ा बालिकाओं को दिया गया, तृतीय पुरस्कार देवी अहिल्याबाई होलकर शाखा जबलपुर को मिला, द्वितीय पुरस्कार सी एम राइस नरसिंहपुर को मिला,प्रथम पुरस्कार चाणक्य विद्यापीठ नरसिंहपुर को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत विकास परिषद के प्रांतीय सचिव राजीव विल्थरे परिषद के जिला संयोजक दीपक सिंघानिया, उपाध्यक्ष श्रीमती सोनल राय उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता श्रीधर,सचिन सचिन यादव, कोषाध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा, महेंद्र ताम्रकार, राजेंद्र पटेल, विक्रम राजपूत,राकेश चौरसिया, भूपेंद्र जैन,प्रशांत शेंडेय, मनीष सोनी, मनीष नेमा,विनय असाटी डॉ बृजेश कुलपारिया, रामा गुप्ता, दुष्यंत शुक्ला,सौरव खरे, धनेश जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम का सफल संचालन आदित्य चौरसिया ने किया. कार्यक्रम के अंत प्रांतीय सचिव राजीव विल्थरे ने सभी का आभार माना।

# भाजपा ने हर बूथ पर सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जनता पार्टी दमोह जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में जिले के सभी बूथ केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के 127वें प्रसारण को पूरे उत्साह के साथ सुना गया। जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरक संदेशों को सुना गया और उपस्थित सभी ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त रूप से दोहराया। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के अंतर्गत "हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी" अभियान चलाते हुए शहर के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जाकर स्टीकर चस्पा किए और पंपलेट वितरित किए।भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम आज हर भारतीय के जीवन में सकारात्मक सोच और प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। उनके विचार हमें राष्ट्र निर्माण की दिशा में एकजुट होकर कार्य करने का संदेश देते हैं। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी पूरा होगा जब हम अपने घरों और व्यापार में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाएँ। यह अभियान स्थानीय उद्योगों को मज़बूती देगा और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम में पार्टी जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, मनीष तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, रामलाल उपाध्याय, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, रीतेश सोनी, महेंद्र राठौर, हरि रजक, वैभव पटेल, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता गजेन्द्र चौबे का निधन

**दमोह।** सामाजिक, राजनैतिक,खेल जगत से जुड़े हुए, शांति समिति के सदस्य, जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट गजेन्द्र चौबे



(गज्जू दादा) का दुःखद निधन हो गया है। उनके निधन की खबर सुनकर पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा उनके निवास शैंडेय जी की बजरिया ज्वाला माई चौराहा से सीताबाबली मुक्तिधाम के लिए निकाली गई जिसमें सभी वर्ग के नागरिकों ने शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### जमानत खारिज

**दमोह।** मिशन अस्पताल मामले में शनिवार को माननीय द्वितीय जिला न्यायधीश धर्मेश भट्ट के समक्ष प्रस्तुत आरोपी अजय लाल, आरोपी इंदु लाल और आरोपी विजय लैंबर्ट की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से लोक अभियोजक मुकेश जैन, राजकुमार सोनी और गिरीश राठौर के द्वारा पैरवी की गई।

## आरोपी बोले- अब नहीं करेंगे पथराव, ना करेंगे अपराध

# घर पर पथराव करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के खचना नाका इलाके में 22 अक्टूबर बुधवार की रात एक घर पर पथराव कर परिवार के लोगों से मारपीट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार दोपहर उपद्रियों का मुख्य सड़क पर जुलूस निकाला गया। दरअसल यह पूरा विवाद दीपावली को पटाखे फोड़ने से उपजा था इसके बाद आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया था जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने हटा थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की विवेचना कर चार आरोपियों के खिलाफ धारा 191- 2, 190, 335 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की जिसमें



कमलेश पिता गोविंद साहू उम्र 22 वर्ष निवासी मुरली मनोहर वार्ड, मनोज पिता रघुवीर राय उम्र 24 साल निवासी कमला नेहरू वार्ड, हेमंत ठाकुर पिता नत्थू सिंह ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी कमला नेहरू वार्ड, काशीराम पिता अनरस अहिरवार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम निमरमुंडा हाल निवासी गांधी वार्ड हटा शामिल है। पुलिस ने रविवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया और पुलिस थाना से न्यायालय तक जुलूस निकालते हुए उनकी हेकड़ी निकाल दी। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से चारों को जेल भेज दिया है। जुलूस के दौरान आरोपी पथराव न करने और अपराध न करने की कसम भी खा रहे थे। हटा टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि अभी भी मामले की विवेचना चल रही है और जो भी आरोपी सामने आएंगे उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल बीते बुधवार की रात करीब 10 बजे हिमांशु यादव के घर पर आरोपियों ने पथराव किया था वह परिवार के लोगों से मारपीट की थी। यादव ने पुलिस को बताया था कि दीपावली की रात वह अपने कुछ दोस्तों के साथ शहर में पटाखा फोड़ रहा था। तभी रास्ते में उसका एक दोस्त भूरा मिल गया, जिसके साथ उसने पटाखे फोड़े। भूरा ने एक फटाका फोड़ा जिससे उसका हाथ जल गया। जब पटाखा फोड़ा तो वहां पर मनोज और कमलेश पहुंचे और मुझसे इस बात पर विवाद करने लगे कि यहां पटाखे क्यों फोड़े। उनसे सॉरी बोलकर वो घर आ गया। दो दिन बाद मनोज, कमलेश अपने 20-25 साथियों के साथ उसके घर आए और घर पर पथराव कर दिया। कमलेश चाकू लिए था और बाकी लोगों ने लाठियों से उसकी दोनों बहने, मां और चाचा के साथ मारपीट की थी। जब पुलिस ने सड़क पर जुलूस निकाला आरोपियों पर नकेल कसी तो सारी हेकड़ी निकल गई। यह सब माजरा देखकर नगर के अन्य बदमाशों मैं भी गई प्रकार से अपराध करने को लेकर भय व्याप्त दिखाई दे रहा है।

## सम्मना से हटा नाका तक रिंग रोड निर्माण की हुई समीक्षा

### इस रिंग रोड से शहर में ट्रैफिक दबाव कम होगा और यातायात सुगम बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने आज नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ समन्ना से हटा नाका रिंग रोड परियोजना को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में सांसद श्री लोधी ने बताया कि वर्तमान में दमोह रिंग रोड का मार्ग हटा नाका से होते हुए मारुताल, जबलपुर बायपास, समना तक हैं। उन्होंने कहा समन्ना से हटा नाके तक रिंग रोड़ नही हैं, इसको लेकर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। लगभग 5.5 किलोमीटर का पैच लंबित है, समन्ना से लेकर हटा नाका और हटा नाके से बक्सवाहा रोड़ तक पूरा सर्कल जुड़ जाता है तो एक पूरा आउटर रिंग रोड़ बन कर तैयार हो जाएगा। सांसद दमोह श्री लोधी ने बताया अलग-अलग दिशाओं से चाहे वो पन्ना, सागर, जबलपुर से आ रहे राहगीरों को शहर में एंट्री करने की जरूरत नहीं होगी, वो बाहर के बाहर बायपास के माध्यम से अलग-अलग दिशाओं में जा सकते हैं तो उसको लेकर भी समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह से चर्चा कर इसको जल्द से जल्द लाइनअप करने और कार्य प्रारंभ करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, एनएचएआई प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संत नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकात्मता विश्व महासम्मेलन 17 एवं 18 जनवरी को




**दमोह।** नामदेव समाज की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन स्थानीय होटल में किया गया जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय नामदेव महासभा नई दिल्ली नामदेव समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भास्कर राव टोंम्पे, राष्ट्रीय समन्वयक अनंत जांगजोड, नामदेव विकास परिषद के अध्यक्ष अरुण नामदेव का का आगमन हुआ। बैठक उपरांत मंचासीन अतिथियों द्वारा पत्रकार वार्ता को संबोधित किया गया।
कार्यक्रम में सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों के द्वारा संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज का पूजन किया गया।पूजन के उपरांत अतिथियों का पुष्प हार से समाज बंधुओ के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया, आदर्श नामदेव सेवा समिति के सभी सदस्यों के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देखकर उनका सम्मान किया गया। नामदेव समाज के अध्यक्ष राजू नामदेव के द्वारा स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय प्रदान किया गया। इसके उपरांत नामदेव विकास परिषद मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष अरुण नामदेव के द्वारा सभा को संबोधित करते हुए नागपुर चलो का नारा बुलंद किया गया। राष्ट्रीय समन्वयक अनंत जांगजोड के द्वारा सम्मेलन को लेकर अभी तक कितनी बैठके आयोजित हो चुकी है एवं क्या वर्तमान में कार्य चल रहा है आदि विषय में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, संत नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकारात्मक विश्व महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भास्कर राव टोंम्पे साहब ने सभा को संबोधित करते हुए सम्मेलन की महत्वता के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया की भारत सरकार से नामदेव समाज के लिए किन-किन मांगों को लेकर यह वृहद सम्मेलन किया जा रहा है सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी प्रदेशों से अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंच रहे हैं आप सभी को भी एक साथ कार्यक्रम में पहुंचना है उन्होंने कहा कि वक्त आ गया है जब सरकार को नामदेव एकता की ताकत दिखानी होगी इन्हीं शब्दों के साथ उन्होंने नागपुर चलो का नारा बुलंद किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा आदेश नामदेव एंव आशुतोष नामदेव के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होने पर सम्मान किया गया। संत नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकात्मक विश्व महासम्मेलन प्रचार प्रसार रथ का भी उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा ध्वज दिखाकर अनावरण करते हुए प्रचार रथ रवाना किया गया। इस अवसर पर समाज के युवा ऋषि नामदेव के द्वारा अपने हाथ से बनाई हुई संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की पेंटिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय को भेंट की गई। कार्यक्रम के अंत में नागपुर चलो एवं नामदेव एकता जिंदाबाद के जयकारों की गूंज रही। इस अवसर पर कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक राजेंद्र नामदेव एवं शिक्षक ओमप्रकाश नामदेव के द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार समाज के सचिव बृजेश नामदेव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक मंडल के वरिष्ठ जनों मातृशक्ति सहित सैकड़ो युवाओं की उपस्थिति रही।

## द्वितीय दिवस सुनाई ध्रुव चरित्र की कथा



**दमोह।** श्री मद्भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस की कथा में कथा वाचक अंतरराष्ट्रीय मंच कथा व्यास श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महराज पीठाधीश्वर महाकाली महाविद्या पीठ रनेह बालों ने कहा कि ध्रुव अपने पिता की गोद में जबरदस्ती जाकर बैठ गए। ये बात उनकी सौतेली माँ सुरुचि को बर्दाश्त नहीं हुई। उनको पिता की गोद से हटा दिया। तब ध्रुव ने प्रश्न किया कि मेरी गलती क्या हे में अपने पिता की गोद में बैठा हु ओर हर पुत्र का अधिकार पिता पर होता है तो सुरुचि ने कहा कि भले ही ये तुम्हारे पिता है पर इस समय इस गोद में वही बैठेगा जो मेरे गर्भ से जन्म लेगा। इसलिए पहले शरीर का त्याग करो मेरे गर्भ में आओ उसके बाद ये गोद मिलेगी। अपमान का बदला लेने के लिए ध्रुव अपना शरीर त्याग करने चले रस्ते में देव ऋषि नारद जी मिल गए जिन्होंने ध्रुव को भक्ति मार्ग पर लगा दिया। और फलस्वरूप ध्रुव को अल्पायु में ही भगवत प्राप्ति हुई। कहने का अर्थ ये हे कि श्रेष्ठ गुरु की कृपा अगर हो जाए तो अल्पकाल में ही भगवत प्राप्ति संभव हे।

## लक्ष्य है कि मई-जून तक मेडिकल कॉलेज तैयार हो जाए: राहुल सिंह

**दमोह।** सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने आज दमोह में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में निर्माण कार्य की गति, मेडिकल पैरामीटर्स, आवश्यक अनुमतियों तथा केंद्र एवं राज्य स्तर से प्राप्त होने वाली स्वीकृतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने बताया कम समय में मेडिकल कॉलेज कंप्लीट हो जाए और बैठक में मेडिकल पैरामीटर्स, आवश्यक अनुमतियों व केंद्र एवं राज्य स्तर की स्वीकृतियों की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद दमोह श्री लोधी ने बताया मई और जून तक कॉलेज पूरा बनकर कंप्लीट हो जाएगा और सितंबर से प्रयास रहेगा इस वर्ष एडमिशन प्रारंभ हो जाए। यहां तकरीबन 100 सीटों पर एडमिशन होंगे क्योंकि समय कम बचा है और उसको समय में कंप्लीट करना इसलिए निरंतर समीक्षाएं बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

## खाद वितरण व्यवस्था में नवाचार, इलेक्ट्रॉनिक टोकन सिस्टम शुरू

**घर बैठे ही खाद वितरण हेतु टोकन प्राप्त कराने की सुविधा उपलब्ध कराना है**

दमोह। जिले में खाद वितरण प्रणाली को और पारदर्शी एवं सुगम बनाने के लिए नया इलेक्ट्रॉनिक टोकन सिस्टम तैयार किया गया हैं। इस प्रणाली का उद्देश्य किसानों को घर बैठे ही खाद वितरण हेतु टोकन प्राप्त कराने की सुविधा उपलब्ध कराना हैं। जिला प्रशासन द्वारा विकसित इस सिस्टम का प्रेजेंटेशन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज जनप्रतिनिधियों, उनके सचिवों/सहायकों, किसान संगठनों के प्रतिनिधियों, कृषि, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के समक्ष किया गया। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सिस्टम का अवलोकन किया और इसके संचालन को और अधिक प्रभावी एवं उपयोगकर्ता-मित्र बनाने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिले में जो खाद वितरण की व्यवस्था है, उसमें कुछ परिवर्तन करने के लिए कार्य किए जा रहे थे, टोकन लेने के लिए घर बैठे व्यक्ति को टोकन कैसे इलेक्ट्रॉनिक मिल जाए, उसका एक सिस्टम जिला प्रशासन ने तैयार किया हैं। सभी लोगों ने इसको देख इसमें अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, उन सुझाव के अनुरूप चीजों को चेंज करके और जल्दी ही इस सिस्टम को लॉन्च करना चाहेंगे और इसकी लॉन्चिंग डेट जल्दी ही फाइनल करेंगे। उन्होंने कहा सॉफ्टवेयर में आज जो सुझाव आए हैं उसके अनुसार अपडेशन कर लें. उसके बाद इसको एक ट्रायल आधार पर इसको लॉन्च करेंगे और ट्रायल आधार पर लॉन्च करने के बाद यदि परिणाम अच्छे मिलते हैं तो जिले में स्थायी रूप से लागू किया जाएगा।

## फर्जी डिग्री मामले में प्रभारी प्राचार्य गिरफ्तार

**दमोह।** फर्जी डिग्री से जुड़े एक मामले में की गई शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी के पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मिशन स्कूल के प्राचार्य अजय मसीह पर मामला दर्ज कर रविवार को उन्हें हिरासत में लिया है। उल्लेखनीय है कि मामले में शिकायतकर्ता द्वारा शिक्षा विभाग और कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर शिक्षा विभाग द्वारा लंबे समय से कोई कार्यवाही नहीं की गई थी, लगातार शिकायत पर संज्ञान और जांच की मांग के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने कोतवाली थाना को पत्र लिखकर मामला दर्ज करने की मांग की जिसके आधार पर उक्त कार्रवाई की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पत्र में लेख किया है कि अजय मसीह प्र.प्राचार्य, अनुदान प्राप्त मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह द्वारा फेक यूनिवर्सिटी से अर्हता प्राप्त कर फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर अनुदान प्राप्त संस्था मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में नौकरी प्राप्त करने का दोषी पाया गया है।

## प्राचीन तलैया का कर रहे दूषित

**गैसाबाद।** ग्राम के मध्य में स्थापित श्री राम कुमार मंदिर की प्राचीन तलैया जो किसी समय बहुत साफ एवं जन उपयोगी हुआ करती थी इसी तलैया में लोग नहाते एवं कपड़ा धोया करते थे, मवेशी भी इसी तलैया का पानी पिया करते थे लेकिन कुछ वर्षों से यह प्राचीन तलैया एक कचरे का डस्टबिन बनती जा रही है। गांव की गंदगी एवं कचरा इसी तलैया में डाला जा रहा है जिससे धीरे-धीरे लोगों ने तलैया का उपयोग करना बंद कर दिया है हालांकि तत्कालीन नायब तहसीलदार शिवराम चडार द्वारा तलैया किनारे हुए। अतिक्रमण को हटाए जाने एवं तलैया की साफ सफाई किए जाने की मुहिम चलाते हुए कुछ अतिक्रमण भी हटाए गए थे एवं थोड़ी बहुत तलैया की सफाई भी की गई थी लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद यह कार्य बंद हो गया। ग़ौरतलब है की गैसाबाद क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य स्वर्गीय राजगोपाल श्रीवास्तव द्वारा हटा जनपद में रामकुमार मंदिर की तलैया का सौंदर्यीकरण एवं एक सुंदर पार्क का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव



बैठक में पास कराया था। लेकिन अफसोस की सन 1999 में स्वर्गीय राजगोपाल भैया का हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो जाने से यह जनकल्याणकारी योजना अधर में अटक कर रह गई है। इस ओर आज तक किसी नेता एवं जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं गया ज्ञात हो की तलैया के पीछे साइड हरदौल बाबा का चबूतरा है जो शाम होते ही शराबियों का अड्डा बन जाता है शराबी। शराब पीकर यहीं पर शराब की बोतल पव्वा डालते हैं। यहीं पर एक बहुत पुराना पेशाब घर भी बना हुआ था जिसे कुछ लोगों ने गिराकर धरासही कर दिया। उस जमीन पर निजी उपयोग करने लगे ग्रामीण जनों ने शासन प्रशासन एवं राजस्व विभाग से जन उपयोगी तलैया की साफ सफाई कराये जाने एवं एक पार्क का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## औषधि फसल अश्वगंधा की खेती का नया प्रयोग




**जबेरा।** आत्मा योजना के अंतर्गत अश्वगंधा औषधि फसल फसल को नवाचार के रूप में लिए जाने का निर्णय लिया है। विगत दिनों कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मनसा अनुरूप जिले की किसानों को आय का अतिरिक्त जरिया बनाने के लिए जिले भर के 56 किसानों को निशुल्क के बीज वितरित किया गया। जबेरा के समीपस्त ग्राम कोरता निवासी किसान बसंत राय ने बताया कि उसने यूट्यूब चैनल पर देख कर के अश्वगंधा की खेती करने का मन बनाया तथा नीमच मंडी से अश्वगंधा का बीज लाकर के 6 एकड़ भूमि पर अश्वगंधा की खेती की है। किसान ने खेत को गहरी जुताई करके तैयार किया तथा छिड़काव विधि से बोनी कर दी है तथा वह चाहते है कि कलेक्टर महोदय की मंशा अनुरूप जिले के कृषि विभाग के अधिकारी उनके खेत का भी भ्रमण करें तथा किसान को आवश्यकमार्गदर्शन देते हुए अन्य किसानों को भी अश्वगंधा की खेती करने हेतु प्रेरित करें क्योंकि 15 नवंबर तक अश्वगंधा की बुवाई की जा सकती है।

# बादलों ने रोकी किसानों की मेहनत, कटाई-गहाई ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले में मौसम के फिर करवट बदलते ही किसान एक बार फिर चिंता में पड़ गए हैं। शनिवार और रविवार को बांदकपुर, बनवार, बीजडोंगरी, सिग्रामपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में कहीं मध्यम तो कहीं हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली। सुबह से लेकर देर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। इस बेमौसम बारिश ने खेतों में पककर तैयार धान की फसल पर प्रतिकूल असर डाल दिया है और किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। जबेरा विकासखंड के अंतर्गत करीब 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल बोई गई थी। दीपावली के बाद से किसानों ने कटाई-गहाई के काम में तेजी ला दी थी, लेकिन सप्ताहांत में बदले मौसम ने मेहनत पर ब्रेक लगा दिया। खेतों में कटकर पड़े धान के कड़पे अब भीगने लगे हैं, जिससे फसल खराब होने का डर बढ़ गया है। किसानों ने आनन-फानन में खेतों से धान के पुंज उठाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की



कोशिश की, लेकिन लगातार हो रही नमी और बारिश के कारण खलिहान बनाकर खरही तैयार नहीं की जा सकी।
किसानों का कहना है कि पहले ही इस वर्ष फसल पर इल्ली और अन्य कीटों का प्रकोप देखने को मिला था और अब बेमौसम बारिश ने मुसीबत बढ़ा दी है। पककर तैयार फसल में पानी का रिसाव हो जाने से बीज की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और दाने में कालापन आने का खतरा बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में किसानों को समर्थन मूल्य पर भी उचित दाम मिलने में दिक्कत होगी क्योंकि खरीदी केंद्रों पर एफएक्यू मापदंडों के अनुसार ही फसल स्वीकार की जाती है। मौसम विभाग ने आने वाले दो से तीन दिनों तक हल्की बारिश की संभावना जताई है। किसानों के अनुसार इस समय हल्की प्रजाति की धान की कटाई और गहाई का समय चल रहा है, ऐसे में मौसम का यह मिजाज उनकी सबसे बड़ी चिंता बन गया है। खेतों में नमी के कारण गहाई का काम पूरी तरह ठप है और धान की फसल के पुंज खेतों में ही पड़े हैं जिन्हें सड़ने से बचाने के लिए किसान दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पहले कीटों का हमला और अब बारिश की मार ने किसानों की मेहनत पर सवाल खड़ा कर दिया है। तैयार फसल खेत में है लेकिन मौसम ने रास्ता रोक रखा है। किसान अब बस यही उम्मीद कर रहे हैं कि आसमान से उतरते बादल थम जाएं ताकि वे अपनी मेहनत को संभाल सकें और घर तक अन्न का दाना पहुंचा सकें।

## अचानक बदले मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसल को नुकसान की आशंका

**तेंदूखेड़ा।** रविवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट बदल ली। तेंदूखेड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी के चलते मौसम में ठंडक तो बढ़ी, लेकिन किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें भी दिखाई देने लगीं। इस समय क्षेत्र में बड़ी मात्रा में मक्का की फसल कटकर खेतों में एवं उपज मंडियों में सूखने के लिए रखी हुई थी, जो अचानक हुई बारिश से भीग गई। किसान राजकुमार सिंह लोधी के अनुसार, बीते कुछ दिनों से तेज धूप के कारण मक्का सुखाने का कार्य तेजी से चल रहा था, किंतु रविवार सुबह हुई बूंदाबांदी ने उनकी मेहनत पर पानी फेरने का काम किया। मैदानों और खेतों में फैली मक्का की बालियां गीली होने से सड़ने एवं फफूंद लगने का खतरा बढ़ गया है। जिन किसानों ने फसल को मंडी तक पहुंचा दिया था, उनकी उपज भी नमी आने के कारण खराब हो सकती है। स्थानीय कृषक रामस्वरूप पटेल ने बताया कि "हम लोग पिछले कई दिनों से फसल सुखाने में लगे थे, लेकिन अचानक मौसम खराब हो गया। यदि अगले 24 घंटे में धूप नहीं निकली, तो उपज को बड़ा नुकसान हो सकता है।" इसी तरह अन्य किसानों ने भी प्रशासन से अपील की है कि मंडियों में रखी फसल को सुरक्षित रखने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी की स्थिति बनी हुई है, जो अगले एक-दो दिन तक रह सकती है। हालांकि विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि सोमवार तक आसमान साफ होने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल किसानों को गीली फसल को खुली जगह पर फैलाने और हवा लगने देने की सलाह दी गई है, ताकि सड़न से बचाव किया जा सके।